**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 605**
**09 दिसंबर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कोविड टीकाकरण**

**605. डॉ. डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कया चीन के बाद भारत एकमात्र ऐसा देश बन गया है जिसने कोविड-19 टीके की दो बिलियन से अधिक खुराकें दी हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार के समक्ष आने वाली चुनौतियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) पूर्ण टीकाकरण करा चुके व्यक्तियों की तुलना में कोविड टीके की कम से कम एक खुराक प्राप्त करने वाले व्यक्तियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या टीकों की 100 मिलियन से अधिक खुराकें समाप्ति तिथि निकल जाने के कारण बर्बाद हो गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा टीकों की ऐसी बर्बादी के कारण राजकोष को कितना नुकसान हुआ है और इस संबंध में क्या उपचारात्मक उपाय किए गए हैं;

(घ) क्या कई राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के पास अभी भी वैक्सीन की शेष और अप्रयुक्त खुराकों का भारी भंडार है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार कोविड-19 रोधी टीकों के निर्माण की तारीख से बारह महीने तक के लिए इसकी अवधि बढ़ाने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ङ): भारत ने कोविड-19 टीके की 2 अरब से अधिक खुराकें लगाई हैं। 5 दिसंबर 2022 तक, देश भर में कुल 2.19 अरब वैक्सीन की खुराक लगाई जा चुकी हैं। कोविड-19 टीकों की शुरुआत में कई चुनौतियाँ शामिल थीं जैसे कि नए कोविड टीकों के लिए अनुसंधान और विकास, 2.64 लाख से अधिक टीकाकर्ताओं और टीकाकरण टीम के 4.76 लाख अन्य सदस्यों का प्रशिक्षण, उपलब्ध वैक्सीन का इष्टतम उपयोग, जनता तक मुश्किल पहुँच, टीकाकरण कार्यक्रम को बढ़ाने के साथ-साथ सभी को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित

करने की आवश्यकता, 29,000 कोल्ड चेन पॉइंट्स पर टीकों का भंडारण और विकेन्द्रीकृत वितरण, कोल्ड चेन क्षमता में परिवर्धन, लाभार्थियों को पंजीकृत करने और वैक्सीन सेवा वितरण के लिए आईटी प्लेटफॉर्म विकसित करना, वैक्सीन के प्रति उत्सुकता और झिझक, टीकाकरण के बाद निगरानी और प्रतिकूल प्रभाव प्रबंधन और अंतिम छोर के लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए विशेष टीकाकरण अभियान।

5 दिसंबर 2022 तक जिन लोगों को कोविड-19 वैक्सीन की कम से कम एक खुराक या जिनका पूर्णतः टीकाकरण हुआ है उनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक-1 में दिया गया है।

राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत सरकारी बफर स्टॉक में किसी भी वैक्सीन डोज का एक्सपायरी होने के कारण अपव्यय नहीं हुआ है। भारत सरकार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कोविड-19 वैक्सीन स्टॉक की बारीकी से निगरानी करती है ताकि उनका इष्टतम उपयोग और न्यूनतम अपव्यय सुनिश्चित किया जा सके। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को यह भी सलाह दी गई है कि वे दैनिक आधार पर कार्यक्रम कवरेज और वैक्सीन अपव्यय की समीक्षा करें और यदि आवश्यक हो तो उनके इष्टतम उपयोग के लिए वैक्सीन स्टॉक का पुनर्वितरण करें। मियाद समाप्ति के निकट वाले टीके का उपयोग सुनिश्चित करने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य के भीतर और अंतर-राज्यीय हस्तांतरण के लिए सहयोग दिया गया है, हाल ही में मियाद समाप्ति के निकट वाले टीकों को निर्माताओं द्वारा बदल भी दिया जाता है।

5 दिसंबर 2022 की स्थिति के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार उपलब्ध कोविड टीकों का विवरण अनुलग्नक-2 पर हैं।

राष्ट्रीय नियामक यथा केंद्रीय औषध मानक संगठन ने कोविशील्ड वैक्सीन के लिए मियाद निर्माण के लिए तारीख से 9 महीने और कोवाक्सिन वैक्सीन के लिए 12 महीने निर्धारित की है।

********

*अनुलग्नक-1*

**12+ जनसंख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कोविड टीकाकरण कवरेज (5 दिसंबर 2022 तक)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पहली खुराक | दूसरी खुराक |
|---|---|---|---|
| | | संख्या | संख्या |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3,47,595 | 3,53,209 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4,47,01,090 | 4,75,71,323 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 9,59,716 | 8,19,562 |
| 4 | असम | 2,48,09,508 | 2,21,19,986 |
| 5 | बिहार | 7,34,46,532 | 6,78,50,198 |
| 6 | चंडीगढ़ | 11,84,856 | 9,85,166 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2,12,63,543 | 2,03,16,077 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 4,62,296 | 3,56,765 |
| 9 | दमन और दीव | 3,19,938 | 2,80,022 |
| 10 | दिल्ली | 1,82,89,827 | 1,57,05,420 |
| 11 | गोवा | 14,39,793 | 12,95,340 |
| 12 | गुजरात | 5,43,83,282 | 5,40,01,240 |
| 13 | हरियाणा | 2,36,70,699 | 1,98,22,971 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 66,44,751 | 63,20,120 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 1,13,70,637 | 1,17,65,341 |
| 16 | झारखंड | 2,39,24,012 | 1,77,07,298 |
| 17 | कर्नाटक | 5,51,51,403 | 5,53,00,032 |
| 18 | केरल | 2,91,45,919 | 2,52,56,688 |
| 19 | लद्दाख | 2,38,241 | 2,03,818 |
| 20 | लक्षद्वीप | 61,807 | 60,495 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 6,07,43,915 | 5,91,99,573 |
| 22 | महाराष्ट्र | 9,16,35,278 | 7,65,32,509 |
| 23 | मणिपुर | 16,48,510 | 13,36,894 |
| 24 | मेघालय | 14,46,283 | 10,86,780 |
| 25 | मिजोरम | 8,94,118 | 7,49,285 |
| 26 | नगालैंड | 9,23,486 | 7,44,184 |
| 27 | ओडिशा | 3,52,49,783 | 3,30,00,275 |
| 28 | पुदुच्चेरी | 9,94,239 | 8,66,004 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29 | पंजाब | 2,41,50,879 | 2,09,67,466 |
| 30 | राजस्थान | 5,70,09,788 | 5,08,65,611 |
| 31 | सिक्किम | 5,91,874 | 5,54,652 |
| 32 | तमिलनाडु | 6,11,92,408 | 5,71,50,785 |
| 33 | तेलंगाना | 3,24,35,839 | 3,15,27,765 |
| 34 | त्रिपुरा | 29,16,299 | 25,21,104 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 17,69,49,249 | 16,87,86,037 |
| 36 | उत्तराखंड | 91,14,410 | 87,20,967 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 7,35,19,484 | 6,66,87,010 |

अनुलग्नक-2

**5 दिसंबर 2022 तक राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में उपलब्ध वैक्सीन की खुराक**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/जीएमएसडी | कोविशील्ड | कोवैक्सीन |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 600 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 61,160 | 32,250 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 17,860 | 19,640 |
| 4 | असम | 2,960 | 2,78,530 |
| 5 | बिहार | 22,800 | 2,81,630 |
| 6 | चंडीगढ़ | 510 | 5,000 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 19,590 | 4,21,140 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | - | - |
| 9 | दमन और दीव | - | - |
| 10 | दिल्ली | 8,370 | 2,770 |
| 11 | गोवा | - | - |
| 12 | गुजरात | 1,04,100 | 52,130 |
| 13 | हरियाणा | 4,610 | 1,43,600 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 50,940 | 31,680 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 29,000 | 3,500 |
| 16 | झारखंड | 890 | 14,29,090 |
| 17 | कर्नाटक | 20,460 | 9,87,640 |
| 18 | केरल | 1,430 | 31,820 |
| 19 | लद्दाख | 1,550 | - |
| 20 | लक्षद्वीप | - | - |
| 21 | मध्य प्रदेश | 6,080 | 1,95,120 |
| 22 | महाराष्ट्र | 32,610 | 18,06,870 |
| 23 | मणिपुर | 220 | 3,120 |
| 24 | मेघालय | 8,490 | 6,530 |
| 25 | मिजोरम | 2,270 | - |
| 26 | नगालैंड | 1,920 | 13,760 |
| 27 | ओडिशा | - | - |
| 28 | पुदुच्चेरी | 8,860 | - |
| 29 | पंजाब | 1,200 | 67,370 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 | राजस्थान | 34,620 | 12,29,270 |
| 31 | सिक्किम | 6,910 | - |
| 32 | तमिलनाडु | 1,01,250 | 3,32,480 |
| 33 | तेलंगाना | 1,07,190 | 8,91,340 |
| 34 | त्रिपुरा | 6,550 | 10,060 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 86,840 | 2,17,220 |
| 36 | उत्तराखंड | 18,740 | 16,430 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 16,730 | 2,10,360 |